## दिनांक 16.12.2003

## महामहिम राज्यपाल महोदय का अभिभाषण

माननीय सदस्यगण,

नवगठित विधानसभा के पहले सत्र में आप सबका हृदय से स्वागत है।

2. मुझे यह कहते हुए प्रसन्नता हो रही है कि प्रदेश में चुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई हैं। लोकतंत्र के इस महायज्ञ में मतदाताओं ने जिस जागरूकता का परिचय दिया है और समाज के सभी वर्गों ने अपने उत्तरदायित्व का जिस तरह निर्वहन किया है, उसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं।

3. मेरी सरकार को प्रदेश की जनता ने जो व्यापक जनादेश दिया है, वह जनसामान्य की इच्छाओं, आकांक्षाओं और अपेक्षाओं का प्रतीक है।

4. प्रदेश की जनता ने मेरी सरकार में जो आस्था दर्शाई है उसमें शासनशैली, नीतियों और क्रियान्वयन में परिवर्तन का एक स्पष्ट विचार निहित है।

5. समाज के सभी वर्गों का संरक्षण और विकास हमारी प्राथमिकता है। समाज को अलग-अलग वर्गों में बांटकर उनके बीच मनमुटाव और संदेह पैदा करना राष्ट्रघाती है। हमारा प्रयास होगा कि नागरिकों में भारतीय होने की भावना और पहचान जागृत हो और विकास में सहभागी होने का अवसर सभी को प्राप्त हों।

6. राज्य के विकास के लिए वित्तीय संसाधन आवश्यक हैं, इसके लिए मेरी सरकार कर आधार को व्यापक बनायेगी। साथ ही यह भी ध्यान रखा जायेगा कि समाज के कमजोर वर्गों पर इसका भार न पड़े।

7. पिछले एक दशक में प्रदेश में बिजली, सड़क और पानी जैसी अधोसंरचना के क्षेत्रों में विकास सर्वाधिक उपेक्षित रहा है। बिजली और सड़कों को लेकर जहाँ जनसामान्य में व्यापक असंतोष है वहीं विकास के कार्यक्रम भी आकार नहीं ले पा रहे हैं।

8. मध्यप्रदेश के आर्थिक हालात चिन्ताजनक हैं। प्रदेश की वित्तीय स्थिति और बिजली, पानी, सड़क जैसे विशिष्ट मुद्दों पर अगले विधानसभा सत्र के पूर्व श्वेत पत्र प्रकाशित किया जायेगा।

9. मेरी सरकार की पहली प्राथमिकता अधोसंरचना विकसित करने की है। बिजली की उपलब्धता आम नागरिक के बेहतर जीवन स्तर और आर्थिक विकास की गतिविधियों के लिए अपरिहार्य है।ऊर्जा से जुड़े हर क्षेत्र में समस्यायें गंभीर हैं, चाहे उत्पादन हो या वितरण प्रणाली। ऊर्जा क्षेत्र में तत्काल सुधार के कदम उठाये जायेंगे। उपभोक्ता जितनी बिजली खर्च करेंगे उन्हें उतना ही बिल भरना होगा।

10. ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जायेगी। नई विद्युत परियोजनाएं जिनमें नर्मदा घाटी में निर्माणाधीन जल विद्युत इकाईयां शामिल हैं, बेहतर प्रबन्धन के द्वारा शीघ्र ही पूरी की जायेंगी।

11. मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मंडल की वित्तीय स्थिति बहुत खराब है। विद्युत मण्डल की आर्थिक संरचना मजबूत बनाने के लिए सभी प्रकार का सहयोग दिया जायेगा।

12. पिछली सरकार के कार्यकाल में प्रदेश की सड़कें भी उपेक्षा का सर्वाधिक शिकार रही हैं। मेरी सरकार सड़कों के सुधार और निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। गांवों से लेकर राज्य मार्गों तक सड़कों के सुधार का एक समयबद्ध कार्यक्रम तैयार कर उस पर तेजी से अमल किया जायेगा। प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा गांवों को बारहमासी सड़कों से जोड़ा जायेगा। राज्य के अपने और अन्य स्त्रोतों से सड़कों के विकास के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई जायेगी।

13. मेरी सरकार का समतामूलक समाज में दृढ़ विश्वास है। हम, महिलाओं को शिक्षा, स्वाभिमान और स्वावलम्बन के अवसर प्रदान करेंगे। महिलायें स्वावलंबी हो सकें इस उद्देश्य से आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों में उनके प्रयासों को भरपूर समर्थन दिया जायेगा।

14. प्रदेश में कानून का राज स्थापित करना हमारी उच्च प्राथमिकता होगी। पुलिस के कामों को राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त किया जायेगा। असामाजिक तत्वों और अपराधियों पर कड़ाई से नियंत्रण कर महिलाओं और कमजोर वर्गों को पूरा संरक्षण दिया जायेगा। नक्सली और डकैती की समस्या पर निर्णायक ढंग से अंकुश लगाया जायेगा। आई.एस.आई. और दूसरे आतंकवादी संगठनों की प्रदेश में घुसपैठ सख्ती से रोकी जायेगी।

15. पिछले वर्षों में जिला सरकार द्वारा पंचायतों, स्थानीय निकायों और विधायिका के अधिकारों का जो अतिक्रमण हुआ है उसे समाप्त किया जायेगा । मेरी सरकार जिला सरकार की कार्यप्रणाली को समाप्त कर पंचायत और शासन तंत्र को सुदृढ़ करेगी। आने वाले समय में पंचायतों को वास्तविक अधिकारों और शक्तियों से सम्पन्न बनाया जायेगा। ताकि ग्रामीण विकास में उनकी सार्थक भूमिका हो। ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए त्रि-स्तरीय सचिवालयीन व्यवस्था लागू की जायेगी।

16. स्वरोजगार के लिए युद्धस्तर पर काम किया जाएगा और बेरोजगारी के निदान के अवसर निकाले जायेंगे। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए खेती की उन्नति, शिक्षा का प्रसार, स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता, कुशलता का निर्माण और प्रभावी विपणन व्यवस्था जैसे जरूरी कदम उठाये जायेंगे।

17. हमें शिक्षा के क्षेत्र में बहुत से महत्वपूर्ण कार्य करने हैं जिससे लोगों के जीवन स्तर में बेहतरी संभव हो। मेरी सरकार सभी बालक-बालिकाओं की प्रारम्भिक शिक्षा सुनिश्चित करेगी। मेडीकल, तकनीकी और उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर बनाते हुए इसे सामान्य लोगों की पहुंच में लाया जायेगा। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अन्धाधुंध व्यवसायीकरण को रोका जायेगा।

18. समाज में सुलभ बेहतर स्वास्थ्य सेवायें आर्थिक विकास की बुनियाद हैं। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच अपर्याप्त है। इसके फलस्वरूप शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है। सरकार द्वारा तत्काल सुधारात्मक कदम उठाये जायेंगे। आयुर्वेद चिकित्सा प्रणाली को बढ़ावा दिया जायेगा। ग्रामीण क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं में तुरंत सुधार किया जयेगा और वहां डाक्टरों को भेजा जायेगा। डॉक्टरों के रिक्त पदों को तत्काल भरा जायेगा और प्रशिक्षित दाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी।

19. जनसंख्या नियंत्रण के लिये प्रभावी कदम उठाये जायेंगे। मलेरिया उन्मूलन, टीकाकरण और कुपोषण दूर करने के कार्यक्रमों का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा।

20. हमारा प्रदेश वन संपदा से भरपूर है। वनों की अवैध कटाई पर सख्ती से रोक लगायी जायेगी। आदिवासियों को लघु वनोपज का उचित मूल्य मिले और वनौषधियों से होने वाले व्यापार का लाभ आदिवासियों को मिले यह सुनिश्चित किया जायेगा। वनोपज नीति को आदिवासी उन्मुख बनाया जायेगा। वन ग्रामों को राजस्व ग्राम का दर्जा दिया जायेगा और वनभूमि का पट्टा देने की कार्यवाही की जायेगी।

21. सूचना प्रौद्योगिकी, जैव प्रोद्योगिकी एवं पर्यटन के क्षेत्र में प्रदेश में भारी संभावनाएँ हैं। मेरी सरकार उनके भरपूर दोहन के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगी।

22. प्रदेश की खनिज संपदा का पर्याप्त दोहन नहीं हुआ है।हम इसके समुचित दोहन के कदम उठायेंगे।

23. मेरी सरकार औद्योगिक क्षेत्र में पूंजी निवेशकों का विश्वास अर्जित करने के लिये कदम उठायेगी। निवेशकों से मित्रता का एक ऐसा वातावरण विकसित किया जायेगा जहाँ वे स्वयं को मुक्त अनुभव करें, छोटे-छोटे मामलों में दोष खोजने की प्रवृति को बदला जायेगा। व्यापारियों के हित में 75 नम्बर के फार्म का प्रावधान समाप्त किया जायेगा।

24. मेरी सरकार गौवंश की हत्या को प्रतिबंधित करने के लिए तुरंत कार्रवाई करेगी। भारत सरकार के सहयोग से फसल बीमा योजना क्रियान्वित की जायेगी। उत्पादकता में वृद्धि के लिये पारंपरिक और आधुनिक कृषि पद्धतियों का समन्वित उपयोग किया जायेगा। किसानों को कम ब्याज दर पर खेती के लिये अग्रिम राशि उपलब्ध करायी जायेगी।

25. युवावर्ग जो अपना आत्मविश्वास खो चुका है उसे बहाल करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। इसके लिए पारम्परिक तकनीक को परिष्कृत करने के साथ-साथ आधुनिक तकनीक का संतुलित समावेश करने की दिशा में मेरी सरकार जरूरी पहल करेगी।

26. राज्य की आबकारी नीति में तर्कसंगत परिवर्तन किए जायेंगे।

27. सीमांत और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के किसानों को कृषि उपकरणों के लिये अनुदान की व्यवस्था की जायेगी।

28. मेरी सरकार सासकीय सेवा से पृथक किये गए दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को पुन: सेवा का अवसर देगी और वृत्ति कर का युक्तियुक्तकरण तीन माह में करेगी। शिक्षाकर्मी और संविदा शिक्षकों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने के प्रयास किए जायेंगे।

29. मेरी सरकार भोपाल की दीर्घकालीन जल आपूर्ति की आवश्यकताओं को नर्मदा से जल लाकर पूरा करेगी।

30. माननीय सदस्यगण, आपने मेरे अभिभाषण को ध्यानपूर्वक सुना, इसके लिये मैं आपका आभारी हूँ। इस लघु सत्र में आपके सामने अनेक महत्वपूर्ण कार्य हैं, आप इन्हें सफलतापूर्वक संपन्न करें, यही मेरी कामना है।

जय हिन्द !